बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-515
**03/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल भवन में 'जीविका दीदी की रसोई' का किया उद्घाटन, 'मुक्ति– बिहार कारा उद्योग' की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

पटना, 03 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सरदार पटेल भवन में 'जीविका दीदी की रसोई' का फीता काटकर और शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत की और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जीविका दीदियों ने महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और उनके प्रति आभार प्रकट किया। 'जीविका दीदी की रसोई' के शुभारंभ के अवसर पर जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को वहां की आहार तालिका की जानकारी दी और वहां बनी खीर खिलाई।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल भवन में ही 'मुक्ति– बिहार कारा उद्योग' द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां स्टॉल पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की उत्पाद प्रदर्शनियों के बारे में जानकारी ली।

बिहार की काराओं में विभिन्न प्रकार की श्रेणियों के उत्पाद यथा खाद्य, हस्तकरघा, काष्ठ, लौह, कागज इत्यादि के उत्पाद का भी निर्माण किया जाता है। वर्तमान में बिहार की 10 काराओं में कारा उद्योग संचालित है जिसके द्वारा करीब 1000 सश्रम सजावार बंदियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। इसके लिए सश्रम सजा प्राप्त बंदियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। कारा उद्योग द्वारा विनिर्मित विभिन्न उत्पादों की बिक्री से प्राप्त राजस्व को बंदियों के अपराध से पीड़ित परिवार के कल्याणार्थ खर्च किया जाता है। साथ ही इसका कुछ हिस्सा बंदी कल्याण कोष में जाता है जो बंदियों को सुधार की दिशा में अग्रसर करने हेतु उपयोगी होता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, गृह विभाग के सचिव श्री के0 सेंथिल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पुलिस महानिदेशक बी0एम0पी0 श्री ए0के0 अंबेडकर, अपर पुलिस महानिदेशक सी0आई0डी0 श्री जितेंद्र कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, गृह विभाग की विशेष सचिव श्रीमती के0एस0 अनुपम, कारा महानिरीक्षक श्री शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

******